# इंदिरा कॉलेज में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**नवभारत तन्यूज**

**सतना 10 अक्टूबर. विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना में हिंदी विभाग द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में आयोजित एक दिवसीय व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ एके पाण्डेय द्वारा मां सरस्वती की पूजन अर्चन कर किया गया। कार्यक्रम संयोजक प्रो. रमाकांत सिंह ने विश्व स्वास्थ्य दिवस का विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि वर्तमान में जैसे-जैसे दुनिया डिजिटल हो रही है वैसे-वैसे मानसिक स्वास्थ्य की समस्या सामने आ रही है। डॉ राम भजन साकेत ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य को अच्छा रखने के लिए अच्छे नींद की आवश्यकता होती है। इसके लिए हमें सोना धातु की अपेक्षा अपने सोने के समय को





बढ़ाना होगा। धीरज सतनामी ने मानसिक स्वास्थ्य पर बोलते हुए कहा कि की मस्तिष्क की जटिल संरचना में नकारात्मक एवं सकारात्मक दोनों पार्टिकल पाए जाते हैं। जब हमारे मस्तिष्क में सकारात्मक पार्टिकल की कमी हो जाती है तो मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ जाता है।

इतिहास विषय के सौरभ अग्निहोत्री ने कहा कि मानसिक रोग की जड़ चिंता है। अतः अपनी दिनचर्या को प्रकृति सब जोड़कर रखें एवं चिंता मुक्त जीवन जिए जिससे आपका मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रह सके। प्राचार्य डॉ एके पाण्डेय ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रखना आज सबसे बड़ी चुनौती है। हम अपने खानपान और दैनिक दिनचर्या को सही करके हम बहुत हद तक अपने मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा कर सकते हैं त्र। कार्यक्रम का संचालन आकाश तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रो. विक्रम द्विवेदी द्वारा समस्त अतिथि गणों का आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. नीरज मिश्रा, डॉ.दीपशिखा मिश्रा, डॉ नीतू सिंह सहित समस्त शैक्षणिक स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रही।

## आगजनी के बाद फायर करने वाला आरोपी गिरफ्तार

### नागौद थाना पुलिस की कार्यवाही

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 10 अक्टूबर. पेट्रोल छिड़ककर घर में आगजनी के बाद दहशत फैलाने के लिए गोली चलाने का आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके पहले इसी मामले में तीन आरोपी पूर्व में गिरफ्तार किए जा चुके हैं। यह कार्रवाही थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पांडेय के नेतृत्व में की गई है।**

पुलिस के अनुसार, 15 जून को प्रांजल सिंह बघेल पिता रावेन्द्र सिंह (19) निवासी ग्राम सुरदहा, थाना जसो हाल बापूनगर नागौद ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 14 जून की रात देवव्रत सिंह निवासी उमरी, प्रियांशू सिंह निवासी कोनी, अक्षत अग्रवाल निवासी अमकुई, निलेन्द्र सिंह निवासी मढ़ी ने पुरानी रंजिश को लेकर घर के बाहर आकर गाली गलौज किया। इसके बाद प्रियांशू सिंह ने बाहर से हाथ डालकर गेट खोलकर प्लास्टिक की बाटल से



सोफा व बाइक पर पेट्रोल छिड़का और आग लगा दिया। इसी मामले में आरोपी देवव्रत उर्फ देवरत सिंह परिहार पिता हीरेन्द्र सिंह परिहार (20) निवासी उमरी थाना नागौद को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 12 बोर का कट्टा व एक जिन्दा कारतूस जब्त किया गया है।

### गांजा साथ आरोपी गिरफ्तार

मैहर जिले के रामनगर थाना पुलिस ने पॉलीथिनमें 1 किलो 325 ग्राम गांजा लेकर बिक्री कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गोविन्दपुर में द्विवेदी किराना दुकान के पास रोड के किनारे ग्राम हटवा का दीपू द्विवेदी एक पन्नी में गांजा बिक्री करने के लिये रखे है। यदि त्वरित कार्यवाही नहीं की गई तो गांजा को खुर्द बुर्द कर सकता है। मुखबिर की सूचना पर निरी. विजय त्रिपाठी थाना प्रभारी रामनगर द्वारा टीम गठित कर मुखबिर के बताये अनुसार उक्त स्थान में पहुंचकर घेराबंदी की.

## करवा चौथ पर पति ने हंसिए से किया पत्नी पर हमला

### मासूम बेटी को भी किया घायल, पुलिस ने 5 घंटे के अंदर किया आरोपी को गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 10 अक्टूबर. इस तराई अंचल कस्बे में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। शुक्रवार की सुबह पती के द्वारा पत्नी व मासूम बेटी पर घातक हमले ने लोगों के रोंगटे खड़े कर दिए।**

बताया जा रहा कि घरेलू विवाद के चलते राकेश अहिरवार ने अपनी पत्नी और एक साल की बेटी पर हंसिए से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। लहुलुहान मां-बेटी को मझगंवा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कर प्राथमिक उपचार किया गया, उसके बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टरों द्वारा इलाज किया जा रहा है। वहीं घटना की जानकारी लगने पर मझगंवा थाना पुलिस घटना स्थल और घायल मां-बेटी का हाल





जानने के बाद आरोपी की तलाश शुरू की और पांच घंटे के अंदर गिरफ्तार कर जमकर खैर खबर ली। घटना कस्बे के नई बस्ती क्षेत्र में घटित हुई, जहां आरोपी परिवार के साथ किराए के मकान में रह रहा था। हमले में पत्नी के हाथ की उंगलियां कट गईं और सिर पर गहरी चोट आई, जबकि बच्ची के सिर में गंभीर घाव होने से रक्तस्त्राव हो गया है।

**घरेलू विवाद में किया हमला-** बताया जा रहा है कि आरोपी राकेश अहिरवार मजदूरी करता है। बीते कई दिनों से उसका अपनी पत्नी रामवती 30 वर्ष के साथ घरेलू विवाद हो रहा था। जिसपर शुक्रवार को बहस बढ़ गई और राकेश ने गुस्से मे पत्नी रामवती और एक साल की बेटी नंदनी पर हंसिए से हमला कर लहुलुहान कर दिया। चीख पुकार मचने के बाद वह घर से भाग गया। बताया जाता है कि घटना के समय बच्ची मां की गोद में ही थी। दोनों को पहले मझगवां अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर स्थिति देखते हुए जिला अस्पताल सतना रेफर कर दिया गया। जहां बच्ची को आईसीयू में रखा गया है। घटना की सूचना मिलते ही मझगवां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी हमले के वक्त शराब के नशे में था, जिसे पुलिस 5 घंटे के अंतराल में ही गिरफ्तार कर लिया।

### इनका कहना है

आरोपी पति का नशे की लत को लेकर आए दिन पत्नी से विवाद होता था। आज सुबह भी शराब के नशे में पत्नी से विवाद हुआ तो उसने हंसिया से हमला कर दिया। घटना के समय एक वर्ष की बेटी मां की गोद में ही थी। आरोपी की तलाश में पुलिस की 2 टीमें लगाई गई, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

**आदित्य नारायण धुर्वे,**
टीआई थाना **मझगवां**

## मेयर इन काउंसिल की बैठक में सीवर के ठेकेदार के समय में हुई वृद्धि

### सैकड़ों संविदा और आउट सोर्सिंग कर्मचारियों को मिली सेवावृद्धि

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 10 अक्टूबर. नगर पालिक निगम, सतना के मेयर इन काउंसिल की बैठक निगम कार्यालय में महापौर योगेश कुमार ताम्रकार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।**

बैठक में 15वें वित्त आयोग की निर्दिष्ट अनुदान से ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन अन्तर्गत विभिन्न स्थानों में नाली कवर कार्य किया जा रहा है। विभिन्न स्थानों में सीवर कार्य प्रगतिरत होने एवं वर्षा ऋतु होने के कारण कार्य में विलंब हुआ, कार्य पूर्ण किये जाने के लिए संविदाकार समयवृद्धि की स्वीकृति प्रदान की गई। स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत 04 नग सामुदायिक शौचालयों के निर्माण र. क्करू अनुदान की शेष राशि मद से कार्य के लिए राशि रूपये 86,92,952 /- की सक्षम स्वीकृति मेयर इन काउंसिल की बैठक के संकल्प क्रमांक-22 में दी गई थी। उक्त निर्माण कार्य की स्वीकृति दर 15त्न अधिक स्क्र व 6त्न अतिरिक्त तस्ञ्ज दर सहित राशि रूपये 20,14,774 /- के प्रस्ताव को आगामी बैठक में प्रस्तुत किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना के कुल 07 हितग्राहियों के आवेदन अनुसार मूलतः आवंटी. ।क्षहितग्राहियों द्वारा आपसी सहमति से आवास परिवर्तित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। निगम क्षेत्रान्तर्गत सेमरिया चौराहा से



सतना सीमेंट वर्क्स तक सीमेंट संयत्र क्षेत्र की सडक, जे0आर0बिरला रोड का नाम परिवर्तित कर एमपी बिरला रोड रखे जाने का सर्शत अनुमोदन करते हेतु प्रकरण निगम (परिषद) भेजने का निर्णय लिया गया। वार्ड क्रमांक-01 से 45 तक में विभिन्न स्थलों में पेवर्स रोड निर्माण कार्य अन्तर्गत लेखा शाखा द्वारा बजट टीप/बजट आवंटन अंकित नहीं होने के कारण मेयर इन काउंसिल की बैठक के प्रस्ताव क्रमांक 26/11 अनुसार वित्तीय स्वीकृति की स्वीकृति प्रदान की गई।

### इनकी रही उपस्थिति

मेयर इन काउंसिल की बैठक में शेर सिंह मीना, आयुक्त नगर पालिक निगम सतना, सत्यम मिश्रा उपायुक्त (वित्त), एस. के. सिंह, अधीक्षण यंत्री, मेयर-इन-काउंसिल सदस्य- मा. गोपी गेलानी, आदित्य यादव, अभिषेक तिवारी, मा. प्रवीण जैन, एस. के. सिंह अधीक्षण यंत्री, ए.पी.सिंह स्वास्थ्य अधिकारी, ी आर. पी. सिंह कार्यपालन यंत्री, के.पी. . गुप्ता, मुकेश चतुर्वेदी, आकाश बट्टी, रोजल प्रताप सिंह, मनीष वर्मा सहायक यंत्री, यूसुफ खान राजस्व अधिकारी, राम प्रसाद सिंह परमार फायर आफीसर, अनिल श्रीवास्तव कार्यालय अधीक्षक, धीरज कुमार मिश्रा जनसम्पर्क अधिकारी, राजू साकेत सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, एम0आई0सी0 सचिव अशोक केवट सहित निगम के सभी विभागों के संबंधित अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहे।



## व्यापार मेले की लांचिग 26 को होगी

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 10 अक्टूबर. विन्ध्य चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज सतना की कार्यकारिणी समिति की बैठक गुरूवार 9 अक्टूबर को सायं 4 बजे चेम्बर सभागार सतना में चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा की अध्यक्षता मे आयोजित की गई।**

चेम्बर महामंत्री संदीप कुमार जैन ने बताया कि चेम्बर द्वारा 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2025 बी.टी.आई. ग्राउण्ड रीवा रोड सतना मे आयोजित 11 दिवसीय 12 वां विन्ध्य व्यापार मेला लगाया जा रहा है। आज आयोजित बैठक में मेले के सन्दर्भ मे विभिन्न तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई एवं सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि व्यापार मेले की लांचिग समारोह 26 अक्टूबर 2025 को आयोजित किया जाय। मेले में 11 दिवसीय अलग-अलग रंगमंचीय कार्यक्रम सम्पन्न होगे। साथ ही बताया कि इस व्यापार मेले की थीम आपरेशन सिंदूर पर रखी गई है। स्टॉल बुकिंग और विज्ञापन बुकिंग का कार्य प्रारम्भ हो गया है। स्टॉल बुकिंग हेतु स्टाल बुकिंग संयोजक अमित अग्रवाल से सम्पर्क कर सकते हैं। उपस्थित सदस्यों से विभिन्न रचनात्मक सुझाव प्राप्त हुये जिन्हे क्रियान्वित करने का प्रयास किया जाएगा।

## आदर्श चौरसिया महिला मंच ने मनाया शरद पूर्णिमा पर गरबा डांडिया महोत्सव

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 10 अक्टूबर. आदर्श चौरसिया महिला मंच सतना ने राष्ट्रीय प्रचार-प्रसार मंत्री ज्योति प्रवीण चौरसिया के मार्गदर्शन में एवं अध्यक्ष बबीता चौरसिया के नेतृत्व में स्थानीय संग्राम कॉलोनी स्थित सचिव कोमल चौरसिया के निवास स्थान में शरद पूर्णिमा के अवसर पर गरबा डांडिया का आयोजन किया.**

सर्व प्रथम माँ दुर्गा की पूजा अर्चना की और फिर सभी ने मिलकर



खूब मस्ती में दुर्गा माँ की भक्ति में डूबकर धमाल मचाते हुए गरबा डांडिया किया सभी एक से बढ़ कर सुंदर सुन्दर लहंगा चुनरी पहन कर और गरबा थीम के अनुसार जूलरी पहन कर आए थे और सभी बहुत सुन्दर लग रहे थे। गरबा करने के बाद सभी ने खीर खाई और स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया और फिर बेस्ट ड्रेस और बेस्ट गरबा डांडिया पूरी ऊर्जा के साथ करने वालों को पुरस्कृत किया गया.

## दवा प्रतिनिधियों का वार्षिक सम्मेलन कल

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 10 अक्टूबर. एमपी एमएसआरयू सतना इकाई का द्विवार्षिक सम्मेलन आगामी 12 अक्टूबर को भरहुत नगर स्थित पुजारी गार्डन में आयोजित किया जा रहा है।**

सतना इकाई के सचिव कॉमरेड जितेंद्र मिश्रा ने बताया कि इस सम्मेलन में अध्यक्ष का अभिभाषण, सचिव एवं कोषाध्यक्ष की रिपोर्ट सम्मेलन में रखी जायेगी, तदुपरांत नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा, इस सम्मेलन में राज्यकेन्द्र की ओर से प्रादेशिक महासचिव कॉमरेड अनुराग सक्सेना के साथ प्रदेशाध्यक्ष कॉमरेड संजय सिंह तोमर, प्रदेश सचिव कॉमरेड वीरेंद्र सिंह रावल पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहेंगे।



## डॉ. प्रवीण सोनी की गिरफ्तारी के विरोध में आईएमए ने किया विरोध प्रदर्शन

### डॉक्टर्स में रोष एवं असुरक्षा का भाव

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 10 अक्टूबर. इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सतना शाखा ने आज डॉ. प्रवीण सोनी की अनुचित गिरफ्तारी के विरोध में जिला चिकित्सालय में एकत्रित कोकर काली पट्टी बांधकर एक शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन आयोजित किया। संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने इसे चिकित्सा समुदाय के सम्मान और स्वाभिमान पर आघात बताया।**

आई एम ए सतना के अध्यक्ष डॉ राकेश अग्रवाल ने कहा कि डॉ. प्रवीण सोनी एक प्रतिष्ठित और सेवा-निष्ठ चिकित्सक हैं, जिन्होंने वर्षों से समाज की निःस्वार्थ सेवा की है। बिना पूर्ण जांच एवं तथ्यों की पुष्टि के उनकी गिरफ्तारी न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि चिकित्सकों के मनोबल को भी प्रभावित करती है। आई एम ए सचिव डॉ अलोक खन्ना ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा डॉ. सोनी को शीघ्र सम्मानपूर्वक रिहा किया जाए। साथ ही भविष्य में ऐसे घटनाक्रमों से बचने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश तय किए जाएं,

## रेलवे कर्मियों के परिजनों ने बताईं समस्याएं

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 10 अक्टूबर. मुख्य कर्मीदल नियंत्रक कार्यालय, सतना में अपर मण्डल रेल प्रबन्धक सुनील टेलर की अध्यक्षता में लोको रनिंग परिवार संवाद समारोह का कार्यक्रम हुआ, जिसमे रनिंग कर्मचारियों की पत्नियों ने मण्डल से आये विभिन्न विभागों के अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएँ को बताया।**

श्री मती नीतू कमल बिहारी ने





पदोन्नति की समस्या व कर्मचारियों की कमी का मुद्दा उठाया तो वही श्री मती मीनाक्षी दिलीप सिंह ने मुख्यालय एन कै जे रनिंग रूम के खाने कीगुणवत्ता में सुधार एवम एवम् 12 से 14 घण्टे ड्यूरी कराने का समस्या से अवगत कराया श्रीमती रचना सुबोध कुमार वर्मा ने परोन्नति पाठ्यक्रम हेतु ट्रेनिंग सेन्टर भुसावल भेजने के उपरान्त वापस बुलाने पर आपत्ति जताई सन्ध्या सिंह सहा लो0 पायलट ने कहा कि ड्यूरी के दौरान मोबाइल पूर्णबन्द रहने से आपात कालीन परिस्थितियों में भी घर वाले हमसे सम्पर्क नहीं कर सकते विकाश यादव की पत्नी ने कहा कि सतना यार्ड मे एक सिफ्ट में पर्याप्त सन्टरों की सन्ख्या न होने के कारण एक सन्टर से अतिरिक्त कार्य का बोझ पड़ता है और श्री मती शिवानी ऋतुराज ने रेलवे स्वास्थ्य केन्द्र सतना में दवाओं की कमी का मुद्दा उठाया.

## एक नजर में



### नवजात शिशुओं के लिए दी गईं उपयोगी वस्तुएं

**सतना।** अंतरराष्ट्रीय संस्था इनरव्हील सतना क्लब द्वारा दिनांक नौ अक्टूबर को सतना के जिला अस्पताल में क्लब प्रेसिडेंट सुनीता गुप्ता एवं सेकेट्री पूर्णिमा गर्ग जी के नेतृत्व में इनरव्हील क्लब ऑफ सतना द्वारा नवजात शिशुओं के लिए उनके परिजनों को ब्लैंकेट, स्वेटर, खिलौने, दलिया आदि दिए. कार्यक्रम में अध्यक्ष, सेकेट्री के अलावा वर्षा कटारे, सविता गोयल, ममता श्रवण अग्रवाल एवं बच्चों के परिजन उपस्थित रहे।


### श्रद्धा का शोध-पत्र प्रकाशित

**सतना।** ए के एस यूनिवर्सिटी के सिविल अभियांत्रिकी विभाग की प्राध्यापिका श्रद्धा पांडे का शोध-पत्र फ्र्चूना भट्ठी की धूल द्वारा काली कपास मिट्टी का स्थिरीकरणफ्र शीर्षक से अनुप्रयुक्त विज्ञान एवं अभियंत्रण प्रौद्योगिकी में अनुसंधान हेतु अंतरराष्ट्रीय शोध-पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। शोध में काली कपास मिट्टी की स्थिरता को बढ़ाने के लिए चूना भट्ठी की धूल के प्रभावी उपयोग का अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।



### अर्धरात्रि को दुर्लभ ब्लड देकर बचाई बच्ची की जान

**सतना** । रक्त की महत्ता वही जान सकता है जिनको ब्लड की आवश्यकता होती है और वह ब्लड अगर [ब्लड बैंक] में उपलब्ध न हो तो परिजन अत्यंत निराश और परेशान हो जाते हैं गत दिवस बिरला अस्पताल में भर्ती 4 दिन की बच्ची को अर्धरात्रि में ओ नेगेटिव ब्लड अति आवश्यकता पड़ने पर उपलब्ध करवाकर बच्ची की जान बचाने का प्रयास किया। समाजसेवी एवं सिन्धु विकास समिति के अध्यक्ष विनोद गेलानी ने बताया गत दिवस बिरला अस्पताल में भर्ती 4 दिन की बच्ची को रात्रि 1:00 बजे 0 नेगेटिव होल् ब्लड की अति आवश्यकता थी ब्लड के लिए परिजन अत्यंत परेशान हो गए जब जानकारी संस्था के सहयोगी आकाश बनर्जी को मिली तो तुरंत बनर्जी ने पंडित रमेश पांडे जी से चर्चा कर ब्लड डोनेट करवाकर बच्ची को नया जीवन देने का प्रयास किया.



### शिविर में 27 पेंशनर्स ने अंशदायी कैशलेश आवेदन भरे

सतना। विद्युत पेंशन्सर हित रक्षक संघ शाखा सतना के तत्वावधान में आयोजित अंशदायी कैशलेश स्वास्थ्य शिविर में पेंशनर्स बड़े उत्साहित दिखे एवं एस के श्रीवास्तव, सुरेश कुशवाहा, अच्छे लाल दाहिया, आर पी पाण्डेय, राम बहोर पटेल, शेष मन शर्मा, राजेंद्र त्रिपाठी, एन बी खरे, राजेन्द्र श्रीवास्तव, शरीफ मोहम्मद, आर डी मिश्रा, अशोक निगम, यू के सिंह श्री निवास पाण्डेय, उत्तम तिवारी, रामकृष्ण जैसवाल, राज कुमार सिंह, डी आर सिंह, यू के मिश्रा, के पी मिश्रा नागेश्वर विष्वकर्मा अशोक मिश्रा राकेश मिश्रा शीतल तिवारी, आर यन वर्मा, यशवंत सिंह बघेल, बी यल यादव आदि 27 सदस्यों ने ऑन लाइन फॉर्म भरा।

### स्थापना दिवस मनाने जाने संबंधी बैठक 13 को

**सतना.** मध्यप्रदेश स्थापना दिवस 1 नवम्बर 2025 को मनाये जाने संबंधी बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में 13 अक्टूबर को प्रातः 10 .30 बजे (समय-सीमा बैठक के पहले) आयोजित की गई है।

### कलेक्टोरेट के पीछे गड्‌ढे में बदल गई सड़क : बब्बल

**सतना।** मध्य भारत मोर्चा के जिला अध्यक्ष जसविंदर सिंह भाटिया बब्बल ने जारी बयान में जिला प्रशासन से मांग की है कि कलेक्ट्रेट के पीछे बनी सड़क को तत्काल दुरुस्त कराया जाए श्री भाटिया ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा एक तरफ शहर के अंदर विकास की गंगा बहाने का दावा किया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ कलेक्ट्रेट के ठीक पीछे धवारी से प्रेम नगर को मिलने वाली सड़क अत्यंत जर्जर अवस्था में है जहां से गाड़ियां तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल है क्योंकि पूरी सड़क गड्ढे में बदल गई है .